REPÚBLICA PORTUGUESA
EDUCAÇÃO

AGRUPAMENTO DE ESCOLAS DE S. TEOTÓNIO

Bem-vindo

Welcome

Bienvenue

Willkommen स्वागतं

Bun venit

स्वागत छ

желанный

ਸੁਆਗਤ ਹੈ

добре дошъл

ласкаво просимо

आपका बच्चा / आपकी बच्ची स्कूल का नया शैक्षणिक वर्ष शुरू करने वाला / वाली है!

इसलिये ...

... कुछ बदलाव होने वाले हैं ...

... स्कूल के कुछ नए विषय हैं ...

... अध्ययन की आदतें महत्वपूर्ण हैं ...

... माता-पिता का सहयोग जरूरी है, हम आपसे हमारे साथ काम करने की प्रार्थना करते हैं...

कक्षा अध्यापक की भूमिका

. एक महत्वपूर्ण भूमिका

. छात्र / अभिभावक / विद्यालय लिंक

. वह मदद / सलाह / सूचना देते / देती हैं

विद्यार्थियों के कार्यक्रम / समय सारणी

. कक्षाएँ 50, 75 या 100 मिनट की हो सकती हैं।

. स्कूल का मध्यांतर 25 मिनट का होता है।

. यदि शिक्षक कक्षा के दरवाजे के पास नहीं हों तो छात्रों को निर्देशों का इंतजार करना चाहिए (तुरंत बाहर नहीं निकल जाएँ) ।

. छात्रों को दालान में चिल्लाना नहीं चाहिए।

. छात्रों को कक्षा के दौरान कमरे से बिल्कुल बाहर नहीं जाना है। कृपया स्कूल के मध्यांतर के दौरान ही नाश्ते या शौचालय के लिए बाहर जाएँ ।

"ओसी OC" क्या है? (OFERTA COMPLEMENTAR – अनुपूरक विकल्प)

. बुधवार, 02 बजकर 10 मिनट पर

. महीने में एक बार कक्षा अध्यापक के द्वारा पढ़ाया जाता है (पहले बुधवार को): “नागरिक शिक्षा Formação Cívica ” (Civics) (समस्याओं के हल के लिए और महत्वपूर्ण दस्तावेजों को वितरित करने के लिए …)

. बाकी के महीनों में किसी क्लब द्वारा यह कक्षा दी जाएगी (खेलकूद क्लब, चित्रकला क्लब, नाटक क्लब …)

“CIDADANIA E DESENVOLVIMENTO नागरिकता और विकास” क्या हैं?

नागरिक शिक्षा

. नागरिक-शास्त्र की जगह एक नया विषय।

. इसका उदेश्य ऐसे नागरिकों का निर्माण करना जो कि जिम्मेदार हों, स्वायत्त हों, लोगों की मदद करने वाले हों, अपने अधिकारों और कर्तव्यों को जानते हों, दूसरों का सम्मान करते हों, मानव अधिकारों को महत्व देते हों साथ ही महत्वपूर्ण और रचनात्मक सोच रखते हों।

स्कूल के विषय

P - Português = **पुर्तगाली**

PLNM – Português Língua Não Materna = **पुर्तगाली – गैर मातृभाषी**

M – Matemática = **गणित**

I – Inglês = **अंग्रेज़ी**

F – Francês = **फ्रेंच**

CN – Ciências Naturais - **विज्ञान**

HGP - História e Geografia de Portugal = **पुर्तगाल का इतिहास और भूगोल**

EV – Educação Visual = **दृश्य शिक्षा**

EM – Educação Musical = **संगीत शिक्षा**

EF - Educação Física = **शारीरिक शिक्षा**

ET - Educação Tecnológica = **तकनीकी शिक्षा**

FQ – Físico-Química = **भौतिकी और रसायन शास्त्र**

OA – Oficina de Artes = **कला कार्यशाला**

H – História = **इतिहास**

G – Geografia = **भूगोल**

Glossário शब्दावली – जो विदेशी छात्र अच्छी तरह से पुर्तगाली नहीं बोल सकते हैं उनके लिए कुछ विषय बदले जाते हैं, जैसे इतिहास, भूगोल, विज्ञान और रसायन। शिक्षक प्रत्येक छात्र पर विशेष ध्यान देते हैं, कभी-कभी कक्षा में एक से अधिक शिक्षक होते हैं। प्रत्येक छात्र अपने लिए निजी और विशिष्ट समय-सारिणी चुन सकता है।

पारगमन नियम (पास-फेल के नियम)

स्तर 1 से 5 तक होते हैं।

पुर्तगाली कानून के अनुसार, छात्रों को कम से कम स्तर 3 प्राप्त करना होगा । वे स्कूल के किसी दो विषयों में ही केवल स्तर 1 या 2 ले सकते हैं। यदि विषयों में पुर्तगाली (या पुर्तगाली – गैर मातृभाषी / PLNM) और गणित शामिल हों, छात्र इन विषयों में से किसी एक में ही स्तर 1 या 2 ले सकते हैं और किसी एक अन्य विषय में स्तर 1 या 2 चुन सकते हैं ।

विद्यार्थी-कार्ड

. विद्यार्थी-कार्ड का उपयोग निम्न जगहों पर अनिवार्य है:

- स्कूल में प्रवेश / बाहर जाने के लिए;

- खरीददारी - स्कूल कैंटीन में दोपहर का भोजन;

- स्कूल के नाश्ते की दुकान (स्नैक बार) में स्नैक्स / नाश्ता;

- स्कूल की कॉपी-किताब की दुकान में स्कूल की सामग्री;

- फोटोकॉपी.

. भुगतान करने के लिए "कार्ड को रिचार्ज carregar o cartão" करना चाहिए। इसका मतलब है कि माता-पिता / छात्र कॉपी-किताब की दुकान में, छात्र कार्ड में अपनी इच्छा के अनुसार "रिचार्ज" करवा सकते हैं।

. छात्र नकदी का उपयोग नहीं करते ।

. दोपहर के भोजन के टिकट खरीदने के लिए और शेष धनराशि की जांच करने के लिए दालान में लगे कंप्यूटर का उपयोग करें।

दोपहर के खाने की टिकट / आरक्षण

"Senha *सेन्या* / टिकट"

. दोपहर के भोजन के लिए पिछले दिन के दोपहर तक टिकट खरीदें / आरक्षित करें:

- €1.46 में;

- आधी कीमत - "escalão B" का लाभ पाने वाले छात्रों के लिए;

- नि:शुल्क - "escalão A" का लाभ पाने वाले छात्रों के लिए.

(ज्यादा जानकारी के लिए कृपया "सब्सीडियो" के पृष्ठ को पढ़ें।)

. बाद में दोपहर के भोजन / बुकिंग के लिए अतिरिक्त 0.30 € देने होंगे और वह भी केवल 10 बजे तक।

. स्कूल एक शाकाहारी मेन्यू प्रदान करता है। इसे एक सप्ताह पहले ही खरीद लेना / आरक्षित करवा लिया जाना चाहिए।

. यदि, किसी अप्रत्याशित कारण से, छात्र उस लंच टिकट का उपयोग नहीं कर रहे हैं जो उन्होंने भुगतान किया था, तो वे इसे दूसरे दिन के लिए पुनर्निर्धारित करवा सकते हैं, लेकिन केवल आरक्षित दिवस को 10 बजे तक ही । पैसा वापस नहीं किया जा सकता।

. जब छात्रों को पता हो कि वे किसी खास दिन स्कूल में दोपहर का भोजन नहीं करने वाले हैं, खासकर जिन्हें सामाजिक भत्ता, "सब्सिडी ए / बी" दिया गया है, तो उन्हें दोपहर के भोजन का टिकट आरक्षित नहीं करना चाहिए।

GIAE वेब पेज

पर निम्न कार्य कर सकते हैं -

. प्रत्येक स्कूल अवधि के अंत में छात्र के ग्रेड ।

. छात्र की अनुपस्थिति।

. साप्ताहिक मेन्यू

. "टिकट" खरीदने / आरक्षित करने के लिए।

. प्रत्येक छात्र को एक यूजरनेम Username और एक ऑनलाइन पासवर्ड password (स्कूल कार्यालय में) दिया जाता है।

CADERNETA (विद्यालय की डायरी)

कक्षा अध्यापक और अन्य शिक्षकों के साथ बातचीत करना ।

. स्कूल सामग्री खरीदना ।

. इसका उपयोग अनिवार्य है।

स्कूल में अनुपस्थिति का उचित कारण बताना।

यदि छात्रों की अनुपस्थिति 3 दिनों से अधिक नहीं है तो उचित कारण लिखने के लिए "डायरी" का उपयोग किया जा सकता है।

अन्यथा एक उचित कारण की आवश्यकता होगी। (डॉक्टर, अदालत ...)

.परीक्षाओं के दिन अनुपस्थिति से बचना चाहिए, और उचित कारण प्रस्तुत करना चाहिए।

“FALTA अनुपस्थिति”

. दुर्व्यवहार या सामग्री की कमी के परिणामस्वरूप “अनुपस्थिति” को उचित नहीं ठहराया जा सकता है।

. अनुचित अनुपस्थिति कारणों की संख्या एक हद से पार होने पर, छात्र वर्ष के परिणाम में फेल हो सकता है।

सामाजिक लाभ

. लाभ लेने वाले छात्रों की सूची दालान में लगी है।

. छात्र अपने सामाजिक भत्ते के अनुसार पुस्तकों, स्कूल सामग्री और दोपहर के भोजन का लाभ उठा सकते हैं।

. वर्ष के अंत तक पुस्तकों को वापस करना होगा। इसलिए, छात्रों को उन पर लिखना नहीं चाहिए।

अन्य महत्वपूर्ण मुद्दे

. छात्रों को केवल माता-पिता की अनुमति से ही दोपहर के भोजन के समय स्कूल छोड़ने की अनुमति दी जाती है। अन्यथा उन्हें केवल स्कूल के दिन के अंत में ही विद्यालय छोड़ने की अनुमति मिलेगी।

. आपातकालीन स्थितियों में छात्र विद्यालय कर्मचारियों में से किसी से संपर्क कर सकते हैं और अपने माता-पिता को बुलवा सकते हैं।

. मोबाइलों और MP3 के व्यक्तिगत उपयोग की कक्षा में अनुमति नहीं है और ऐसा करने पर उन्हें दंडित किया जा सकता है।

. इन वस्तुओं की क्षति या चोरी के लिए स्कूल को जिम्मेदार नहीं है।

कृपया ध्यान रखें

. उचित व्यवहार आवश्यक है।

. कड़ी मेहनत / अध्ययन करें (दोपहर के खाली समय में से कुछ समय का उपयोग अध्ययन और गृह कार्य करने के लिए करें)।

. सभी आवश्यक स्कूल सामग्री लायें:

स्कूल की डायरी = caderneta

निम्नलिखित स्कूल विषयों में से प्रत्येक के लिए एक फ़ोल्डर / नोटबुक:

PLNM, M, I, EM;

EV या OA के लिए एक स्केचबुक, रंगीन पेंसिल, टिप वाला पेन;

EF के दौरान स्कूल व्यायामशाला में उपयोग करने के लिए एक ट्रैकसूट और खास प्रशिक्षण के कपड़ों की एक जोड़ी;

नीली / काली कलम, पेंसिल, रबर, पेंसिल शार्पनर;

. स्कूल के शैक्षणिक वर्ष के दौरान अन्य विशिष्ट सामानों की आवश्यकता पड़ सकती है।

. छात्रों को हरेक कक्षा में समय पर पहुंचना है।

. माता-पिता को स्कूल में अपने बच्चों के कामकाज के बारे में पता होना चाहिए। इसलिए, उन्हें जांच किये गए पर्चों पर हस्ताक्षर करना चाहिए और छात्र बाद में शिक्षक को हस्ताक्षर दिखाएँ।

. एक स्कूल कैलेंडर (प्रत्येक परीक्षा की तारीख और परियोजनाओं की समय सीमा लिखने के लिए) प्रदान किया जाएगा।

अधिक जानकारी के लिए कृपया देखें:

http://www.agrupamentosaoteotonio.net/

FUNDO ASILO, MIGRAÇÃO E INTEGRAÇÃO
UNIÃO EUROPEIA
REPÚBLICA PORTUGUESA
SGMAI SECRETARIA GERAL MINISTÉRIO DA ADMINISTRAÇÃO INTERNA
ACM ALTO COMISSARIADO PARA AS MIGRAÇÕES, I.P.